Business Standard
Epaper

HB LEASING AND FINANCE COMPANY LIMITED

CIN : L65910HR1982PLC034071
Registered Office : Plot No. 31, Echelon Institutional Area, Sector 32, Gurugram-122001, Haryana
Phone : + 91-124-4675500, **Fax :** + 91-124-4370985
E-mail : corporate@hbleasing.com, **Website :** www.hbleasing.com

STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER/YEAR ENDED 31/03/2021

(Rs. In Lakhs)

S. No.	Particulars	Quarter ended	Corresponding 3 months ended in the previous year	Year ended
		31/03/2021	31/03/2020	31/03/2021
		Audited	Audited	Audited
1.	Total Income from Operations	7.50	10.31	30.00
2.	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional items)	(5.86)	8.96	(4.42)
3.	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items)	(5.86)	8.96	(4.42)
4.	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional items)	(5.64)	8.96	(4.20)
5.	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)]	(5.43)	7.98	(3.99)
6.	Equity Share Capital	1100.41	1100.41	1100.41
7.	Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year)	NA	NA	(892.31)
8.	Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)-			
	Basic:	(0.05)	0.08	(0.04)
	Diluted:	(0.05)	0.08	(0.04)

Notes:

(i) The above is an extract of the detailed format of Audited Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of this Audited Financial Results is available on the website of Stock Exchange, BSE Limited, **www.bseindia.com** and Company's website, **www.hbleasing.com**

(ii) The aforesaid results were placed before and reviewed by the Audit Committee at its meeting held on 21st June, 2021 and approved by the Board of Directors at its meeting held on the same date.

For HB Leasing and Finance Company Limited
Sd/-
ANIL GOYAL
(Managing Director)
DIN: 00001938

Place : Gurugram
Date : 21/06/2021

RANA SUGARS LIMITED

Registered Office: SCO 49-50, Sector 8-C, Madhya Marg, Chandigarh - 160009
Telephone: (0172) 2540007, 2549217, 2541904, 2779565, Email: info@ranagroup.com
Website: www.ranasugars.com, CIN: L15322CH1991PLC011537

(Rs. in Lakhs)

Extract of Statement of Audited Financial Results for the Year/ Quarter ended March 31, 2021

	PARTICULARS	3 Months ended		Year ended	
		31.03.2021 (Audited)	31.03.2020 (Audited)	31.03.2021 (Audited)	31.03.2020 (Audited)
1.	Total Income from Operations (Net)	51318.65	52317.61	122207.35	131311.49
2.	Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax and Exceptional Items)	7240.79	2400.16	8617.08	3526.75
3.	Net Profit/ (Loss) for the period before Tax (after Exceptional Items)	7308.52	24734.20	15756.69	25860.79
4.	Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after Exceptional Items)	7321.07	25444.34	15769.24	26570.93
5.	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	7358.39	25455.83	15806.56	26582.41
6.	Equity Share Capital	15353.95	15353.95	15353.95	15353.95
7.	Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of the previous year)	0.00	0.00	18142.73	2336.17
8.	**Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (Not Annualized) - Before Exceptional Items**				
	- Basic	4.72	2.03	5.62	2.76
	- Diluted	4.72	2.03	5.62	2.76
9.	**Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (Not Annualized) - After Exceptional Items**				
	- Basic	4.77	16.57	10.27	17.31
	- Diluted	4.77	16.57	10.27	17.31

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly/ Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on the Stock Exchanges' websites www.bseindia.com and www.nseindia.com as well as at Company's website www.ranasugars.com.

For Rana Sugars Limited
Sd/-
(Rana Inder Pratap Singh)
Managing Director

Place: Chandigarh
Date : 21.06.2021

LAURUS Labs

Knowledge . Innovation . Excellence

Laurus Labs Limited

Registered Office: Plot No.21, Jawaharlal Nehru Pharma City, Parawada, Visakhapatnam - 531021, Andhra Pradesh
Corporate Office: 2nd Floor, Serene Chambers, Road No.7, Banjara Hills, Hyderabad - 500 034, Telangana
Phone: +91 40 3980 4333; **Fax:** +91 40 3980 4320 | **Email:** secretarial@lauruslabs.com; **Website:** www.lauruslabs.com
Corporate Identity Number: L24239AP2005PLC047518

NOTICE FOR THE 16TH ANNUAL GENERAL MEETING OF THE COMPANY

NOTICE is hereby given that **the Sixteenth Annual General Meeting** ("AGM" or "Meeting") of the Members of **M/s. Laurus Labs Limited ("The Company") will be held on Thursday, July 15, 2021 at 03.00 PM (IST) through video conferencing (VC) facility** being provided by National Securities Depositories Limited (NSDL) in compliance with the provisions of the Companies Act, 2013 and rules made thereunder read with the circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs (MCA) and the Securities and Exchange Board of India (SEBI) on May 05, 2020 and May 12, 2020 respectively and MCA Circular dated January 13, 2021.

Notice of the Meeting setting out the ordinary and special business to be transacted at the Meeting together with the Annual Report of the Company for the Financial Year 2020-21 which inter-alia comprises Audited Standalone and Consolidated Financial Statements for the year ended March 31, 2021, Auditors' and Directors' Reports thereon, Corporate Governance Report etc. have been sent to the members, whose names appear in the Register of members/ depositories as at closing hours of business on Friday, June 11, 2021. The said Notice and Annual Report have been sent by e-mail to those members who have registered their email address with the Company/Depository Participant(s). For those shareholders who have not registered their email IDs yet, may approach their respective Depository Participants and get the email ID registered with them and may also write to secretarial@lauruslabs.com with a request to send the notice and annual report by return e-mail and the Company shall respond on the same. The shareholders may refer to the Advertisement published by the Company in the newspapers on June 07, 2021 for further details.

The Notice and Annual Report can also be downloaded from our website: www.lauruslabs.com. For inspection of any document pertaining to the items of business to be transacted at the AGM, the shareholders may write an e-mail to secretarial@lauruslabs.com and the Company shall respond suitably.

The Company has engaged the services of the National Securities Depositories Limited (NSDL) as the Authorised Agency to provide the facilities for remote e-voting, Video Conferencing (VC) as well as e-voting during the meeting as per the aforesaid circulars.

In compliance with the provisions of Sec.108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management & Administration) Rules, 2014, as amended, and Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Company is pleased to provide its members the facility to exercise their right to vote through electronic voting system on the items of business set out in the Notice of the 16th AGM to be held on July 15, 2021. The members may cast their votes using an electronic voting system from a place other than the venue of the Meeting (remote e-voting). The remote e-voting will commence at 09.00 am on July 12, 2021 and will end at 05.00 pm on July 14, 2021. The remote e-voting will not be allowed beyond the aforesaid time and date and the remote e-voting module after 5 pm on July 14, 2021 will be disabled. A person, whose name appears in the Register of Members/Beneficial Owners as on the cut-off date i.e. Friday, July 09, 2021, only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting/e-voting during the meeting. The Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from July 09, 2021 to July 15, 2021 (both days inclusive) for the purpose of AGM.

Any person who becomes member of the Company after dispatch of the Notice of the Meeting and holding shares as of the cut-off date may contact their respective depositories for availing e-voting facility. The detailed procedure for availing e-voting facility is also provided in the Notice of the meeting which is available on Company's website.

The members who have cast their vote by remote e-voting may attend the meeting but not be entitled to cast their vote again.

The facility for e-voting during the meeting shall be made available and members attending the Meeting who have not cast their vote(s) by remote e-voting will be able to exercise their right to vote during the Meeting.

Helpdesk for Shareholders holding securities in demat mode for any technical issues related to login through Depository i.e. NSDL and CDSL:

Login type	Helpdesk details
Shareholders holding securities in demat mode with NSDL	Email: evoting@nsdl.co.in or call at toll free no.: 1800 1020 990 and 1800 22 44 30
Shareholders holding securities in demat mode with CDSL	Email: helpdesk.evoting@cdslindia.com or contact at 022- 23058738 or 022-23058542-43

By Order of the Board
For **Laurus Labs Limited**

Sd/- **G. Venkateswar Reddy**
Company Secretary & Compliance Officer

Place: Hyderabad
Date: June 21, 2021

खबरों में रहे स्टॉक

एनटीपीसी



चौथी तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ करीब 3 गुना बढ़ा

₹ 113.6 पिछला बंद भाव
₹ 118.0 आज का बंद भाव
▲ 3.9 %

भारत डायनैमिक्स



चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 16 फीसदी घटा

₹ 356.3 पिछला बंद भाव
₹ 351.2 आज का बंद भाव
▼ 1.4 %

हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस



चौथी तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ 3 गुना से अधिक बढ़ा

₹ 2,358.3 पिछला बंद भाव
₹ 2,476.2 आज का बंद भाव
▲ 5.0 %

एनबीसीसी इंडिया



दिल्ली में रिहायशी टावर के निर्माण के लिए 860 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला

₹ 54.4 पिछला बंद भाव
₹ 56.3 आज का बंद भाव
▲ 3.5 %

इंसेक्टिसाइड्स इंडिया



चौथी तिमाही में 22 करोड़ रुपये का मुनाफा

₹ 750.5 पिछला बंद भाव
₹ 757.8 आज का बंद भाव
▲ 1.0 %

संक्षेप में

फेसबुक, व्हाट्सऐप का नोटिस पर रोक का आग्रह

फेसबुक और व्हाट्सऐप ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से आग्रह किया कि वह भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (सीसीआई) के नोटिस पर रोक लगाए, जिसमें उनसे ऐप की नई निजता नीति की जांच के सिलसिले में कुछ सूचनाएं देने के लिए कहा गया है। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंबानी और न्यायमूर्ति जसमीत सिंह के अवकाश पीठ ने कहा कि वह आवेदन पर आदेश जारी करेगा। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि चूंकि यह अवकाशकालीन पीठ है, इसलिए यह मामले के गुण-दोष में नहीं पड़ना चाहता है, जबकि प्रमुख याचिकाएं मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष लंबित हैं। *भाषा*

घरों को बीपीसीएल की डीजल आपूर्ति सुविधा

भारत पेट्रोलियम निगम लिमिटेड (बीपीसीएल) ने हरियाणा में न्यूनतम 20 लीटर डीजल की जरूरत वाले ग्राहकों के लिए घरों में यह ईंधन पहुंचाने की सुविधा शुरू की है। बीपीसीएल ने एक बयान में कहा कि उसने घरों में डीजल पहुंचाने की ऐप आधारित सेवा - हमसफर के साथ-साथ यह सेवा शुरू की है। कंपनी के बिक्री अधिकारी मयंक सिंह ने कहा, हरियाणा के औद्योगिक शहर से शुरू होने वाली घरों में 20 लीटर के जेरी कैन में डीजल पहुंचाने की सेवा से हाउसिंग सोसाइटी, मॉल, अस्पतालों, बैंकों, निर्माण स्थलों, किसानों, मोबाइल टावर, शिक्षा संस्थानों और लघु उद्योगों को फायदा होगा। *भाषा*

नई प्रौद्योगिकी पर निर्भर होगी उद्योग की वृद्धि : विप्रो

विप्रो के मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) थिएरी डेलापोर्ट का मानना है कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उद्योग की वृद्धि काफी हद तक अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों तथा सेवाओं पर निर्भर करेगी। उन्होंने कहा कि डेटा, क्लाउड और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में जबरदस्त बढ़ी हुई वृद्धि देखने को मिलेगी। *भाषा*

जियोमार्ट व टाटा डिजिटल के बीच तगड़ी प्रतिस्पर्धा

टाटा समूह अपने बैक-एंड की तैयारी में, आरआईएल का ई-कॉमर्स राजस्व 2025 तक 15 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद

देव चटर्जी
मुंबई, 21 जून

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के स्वामित्व वाली कंपनी जियोमार्ट टाटा सुपरऐप जैसी अपनी आगामी प्रतिस्पर्धियों और पेटीएम, एमेजॉन और फ्लिपकार्ट सहित स्थापित कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए वित्तीय सेवा और हवाई टिकट जैसी श्रेणियों में अपने नए उत्पादों को लॉन्च करने के लिए तैयार है।

गोल्डमैन सैक्स की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार, यह ऐसे समय में हो रहा है जब आरआईएल का ई-कॉमर्स कारोबार से प्राप्त राजस्व 35 फीसदी की वृद्धि के साथ महज चार साल के भीतर 15 अरब डॉलर के पार पहुंचने की उम्मीद है। जबकि उसके मूल खुदरा कारोबार से प्राप्त राजस्व भी उसी रफ्तार से बढ़कर 44 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

एक रेटिंग फर्म के प्रमुख ने कहा, 'टाटा बनाम जियोमार्ट की प्रतिस्पर्धा अगली बड़ी कॉरपोरेट लड़ाई होने वाली है जो देखने योग्य होगी। हालांकि टाटा अपने इन-हाउस उत्पादों और ब्रांडों के साथ फिलहाल आगे दिख रही है लेकिन आरआईएल को गूगल, फेसबुक और माइक्रोसॉफ्ट जैसी दिग्गज वैश्विक कंपनियों का समर्थन हासिल है।'

आरआईएल का ई-कॉमर्स जीएमवी

वित्त वर्ष	जीएमवी	ई-कॉमर्स में बाजार हिस्सेदारी
2021	1 अरब डॉलर	2 फीसदी
2022	4 अरब डॉलर	7 फीसदी
2023	10 अरब डॉलर	14 फीसदी
2024	22 अरब डॉलर	22 फीसदी
2025	35 अरब डॉलर	30 फीसदी

स्रोत: जीएस

निखिल भंडारी के नेतृत्व में गोल्डमैन सैक्स के विश्लेषकों ने कहा, 'हम वित्त वर्ष 2025 तक ऑनलाइन किराना कारोबार में आरआईएल के लिए 50 फीसदी बाजार हिस्सेदारी का अनुमान जाहिर करते हैं। जबकि कुल ई-कॉमर्स बाजार में उसकी बाजार हिस्सेदारी 30 फीसदी रहने के आसार हैं। इसका मतलब साफ है कि वित्त वर्ष 2025 तक आरआईएल का ई-कॉमर्स जीएमवी (सकल बाजार मूल्य) 35 अरब डॉलर का होगा। इसमें 19 अरब डॉलर किराना कारोबार में जबकि शेष गैर-किराना कारोबार में होगा। कुल मिलाकर, हम उम्मीद करते हैं कि खुदरा एबिटा वित्त वर्ष 2030 तक मौजूदा स्तर के मुकाबले 10 गुना बढ़ जाएगी।'

विश्लेषकों ने कहा कि वित्त वर्ष 2016 और वित्त वर्ष 2020 के बीच पांच गुना वृद्धि के साथ आरआईएल के प्रमुख खुदरा कारोबार से प्राप्त राजस्व की वृद्धि वित्त वर्ष 2021 में थोड़ी सुस्त पड़ेगी। उन्होंने कहा कि कोविड वैश्विक महामारी संबंधी देशव्यापी लॉकडाउन संबंधी चुनौतियों के कारण ऐसा होगा।

गोल्डमैन सैक्स के विश्लेषकों ने कहा, 'हमारा मानना है कि ई-कॉमर्स सहित खुदरा कारोबार आरआईएल के लिए अगला ग्रोथ इंजन साबित होगा। अगले 10 वर्षों के दौरान खुदरा कारोबार की एबिटा में 10 गुना वृद्धि होने की क्षमता है। हम वित्त वर्ष 2030 तक भारत के किराना कारोबार में संगठित खुदरा की पैठ में छह गुना वृद्धि देख रहे हैं जबकि आरआईएल की बाजार हिस्सेदारी में 15 फीसदी की वृद्धि होगी।'

इस धमाकेदार वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा रिलायंस की ऑनलाइन डिलिवरी सेवा, जियोमार्ट से आएगा जो किराने के सामान से लेकर कपड़ा, फार्मास्युटिकल्स और पर्सनल केयर एवं होम केयर उत्पादों की बिक्री कर रही है।

उधर, टाटा समूह की प्रमुख होल्डिंग कंपनी टाटा संस की सहायक इकाई टाटा डिजिटल ने कहा है कि वह वित्तीय सेवा एवं यात्रा संबंधी उत्पादों को लॉन्च करेगी जिसमें हवाई टिकटों और होटल कमरों की बुकिंग भी शामिल होगी।

टाटा के पास ताज समूह के होटलों का परिचालन करने वाली कंपनी इंडियन होटल्स के अलावा टाटा मोटर्स, टाटा एसआईए एयरलाइंस और एयरएशिया इंडिया जैसे दमदार ब्रांड मौजूद हैं जो उसके उत्पादों को अपने सुपरऐप पर बेच सकते हैं। इसके अलावा टाटा समूह ने फार्मा चेन, 1एमजी और किराना रिटेलर बिग बास्केट जैसी कंपनियों का अधिग्रहण भी किया है।

विश्लेषकों ने कहा कि जियोमार्ट ओबेरॉय होटल्स जैसी अपने निवेश वाली कंपनियों के लिए होटल बुकिंग करेगी। इसके अलावा वह अपने प्लेटफॉर्म पर विमानन कंपनियों के टिकटों की बिक्री करने के लिए भी बातचीत कर रही है।

एक बहुराष्ट्रीय उपभोक्ता वस्तु कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने कहा, 'टाटा के पास समूह की कई दमदार कंपनियां मौजूद हैं जो टाटा सुपरऐप पर उनके उत्पादों की बिक्री कर सकती हैं। जबकि जियोमार्ट तगड़ी प्रतिस्पर्धा दे सकती है जैसा पहले कभी नहीं देखा गया होगा।'

आरआईएल को गूगल, फेसबुक और माइक्रोसॉफ्ट जैसी दिग्गज विदेशी कंपनियों का समर्थन हासिल है जिन्होंने हाल में जियो प्लेटफॉर्म्स में निवेश किया है। ऐसे में आगामी महीनों के दौरान इन कंपनियों की भागीदारी के साथ कई उत्पादों को लॉन्च किया जा सकता है।

मारुति की कारें सितंबर तिमाही में होंगी महंगी

एजेंसियां
नई दिल्ली, 21 जून

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने सोमवार को कहा कि कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से वह चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में अपनी कारों की कीमतों में बढ़ोतरी करेगी। इस वित्त वर्ष अप्रैल में पहले ही कीमतों में वृद्धि कर चुकी इस दिग्गज वाहन कंपनी ने कहा कि इस्पात और विभिन्न कीमती धातुओं की कीमतों में काफी इजाफा हो चुका है, जिसने कंपनी को इसका कुछ असर ग्राहकों पर डालने के लिए प्रेरित किया है।

एमएसआई के कार्यकारी निदेशक (बिक्री एवं विपणन) शशांक श्रीवास्तव ने बताया कि इस्पात और कुछ कीमती धातुओं जैसे रोडियम और पैलेडियम की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। अप्रैल में हमने उपभोक्ताओं पर बढ़ी हुई लागत का एक हिस्सा यह सोचकर डाला था कि इन वस्तुओं की कीमतें आखिरकार नीचे आ जाएंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अंतिम उपाय के रूप में हम कंपनी की वित्तीय सेहत बचाने के लिए ऐसा कर रहे हैं।

श्रीवास्तव ने कहा कि इस्पात की कीमत 38 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 68 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है, जबकि रोडियम की कीमत 19,000 रुपये प्रति ग्राम से बढ़कर लगभग 66,000 रुपये प्रति ग्राम हो गई है।

एयरटेल ने टीसीएस से मिलाया हाथ

पृष्ठ 1 का शेष...

रिलायंस जियो की तरह ही टाटा ने भी अत्याधुनिक ओआरएएन आधारित रेडियो के साथ ही स्टैंडअलोन और नॉन-स्टैंडअलोन कोर विकसित किया है, जो नेटवर्क को नियंत्रित करता है। आरेओआरएएन नेटवर्क सॉफ्टवेयर पर निर्भर करता है और ज्यादा दक्षता एवं लचीलापन प्रदान करता है। रिलायंस ने भी अमेरिका में रेडियस खरीदा है, जिसका उपयोग 5जी के लिए सॉफ्टवेयर समाधान में किया गया है।

दोनों कंपनियों की साझेदारी के बारे में भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्याधिकारी (भारत और दक्षिण एशिया) गोपाल विट्ठल ने कहा, 'हम भारत को 5जी का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए टाटा समूह के साथ साझेदारी करने पर खुश हैं। इससे भारत में नवोन्मेष और विनिर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा।'

टीसीएस के एन गणपति सुब्रमण्यन ने कहा, 'समूह के तौर पर 5जी के लिए मौका मिलने को लेकर हम रोमांचित हैं। एयरटेल को अपना ग्राहक बनाना हमारे लिए खुशी की बात है।'

नए गठजोड़ से कंपनी को प्रतिस्पर्धी जियो को वैश्विक बाजारों में टक्कर देने में मदद मिलेगी, क्योंकि अफ्रीका, बांग्लादेश और श्रीलंका में एयरटेल का पहले से ही अपना नेटवर्क है। दूसरी ओर टीसीएस दुनिया भर में कई दूरसंचार कंपनियों को सेवाएं दे रही हैं, जिसके अनुभव का लाभ मिलेगा।

एयरटेल पहले से ही ओआरएएन आधारित अपना 5जी तकनीक विकसित करना चाह रही थी। उसने इसके लिए टेक महिंद्रा के साथ भी बातचीत की थी। इसने कई विदेशी साझेदारों से भी गठजोड़ किया है जिनमें जापानी हार्डवेयर कंपनी एनईसी, ताइवानी कंपनी सेरकॉम, क्लाउड कंपनी रेडहैट आदि शामिल हैं। भारती ने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के तहत दूरसंचार उत्पाद बनाने के लिए डिक्सन टेक्नोलॉजीज के साथ संयुक्त उपक्रम भी बनाया है।

हालांकि अभी तक उसकी योजना 5जी उत्पादों को बनाने की नहीं थी लेकिन आगे चलकर कंपनी ऐसा कर सकती है। कंपनी ने आंतरिक शोध एवं विकास टीम का भी गठन किया है जो सिस्टम एकीकरण के साथ ही तकनीक में सहयोग करेगी।

अग्रिम हवाई टिकट खरीद बेदम

अनीश फडणीस
मुंबई, 21 जून

- घरेलू हवाई यातायात में इजाफा हो रहा है लेकिन ग्राहक 30 से 60 दिन पहले टिकट बुक कराने से हिचक रहे हैं
- पिछले सप्ताह विमान कंपनियों द्वारा शुरू किए गए अग्रिम खरीद छूट के प्रस्तावों में सीमित रुझान रहा

घरेलू हवाई यातायात में जून में मासिक आधार पर इजाफा हो रहा है, लेकिन ग्राहक 30 से 60 दिन पहले यात्रा के लिए टिकट बुक कराने के संबंध में सावधानी बरत रहे हैं। उद्योग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह विमान कंपनियों द्वारा शुरू किए गए अग्रिम खरीद छूट के प्रस्तावों में सीमित रुझान रहा है।

एयरएशिया इंडिया ने 12 जून को 1,117 रुपये से शुरू होने वाले किराये के साथ 1 अगस्त से यात्रा के लिए छूट की अपनी पेशकश शुरू की थी। यह पेशकश भारत में इस विमान कंपनी की सातवीं वर्षगांठ मनाए जाने के अवसर और अपनी नई वेबसाइट को बढ़ावा देने के लिए थी। इंडिगो सहित अन्य विमान कंपनियों ने भी इसी तरह के प्रस्ताव और कम किराए के साथ उसके नक्शे कदम पर चलना शुरू कर दिया है। एयर इंडिया की क्षेत्रीय शाखा अलायंस एयर ने 999 रुपये से अधिक कीमत वाले टिकटों के साथ पेशकश को अपनी तीन दिवसीय पेशकश शुरू की थी।

मई के अंत में नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने घरेलू विमान कंपनियों की क्षमता की सीमा को 80 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया था और जुलाई के अंत तक किराया सीमा बढ़ा दी थी।

एक निजी विमान कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दैनिक यातायात मई के निचले स्तर से बढ़कर दोगुना हो चुका है। हमें ग्रुप बुकिंग के लिए पूछताछ मिलनी शुरू हो गई है। कोविड-19 के प्रतिबंधों में ढील की वजह से छोटे ट्रैवल एजेंटों ने भी दोबारा परिचालन शुरू कर दिया है, लेकिन औसत लोड फैक्टर अब भी लगभग 55 प्रतिशत है और अधिकांश बुकिंग सात दिनों के भीतर यात्रा वाली हैं।

एक अन्य अधिकारी ने कहा कि विभिन्न राज्यों में कोविड-19 के प्रतिबंधों के संबंध में अनिश्चितता और रद्द की गई उड़ानों के लिए रिफंड हासिल करने में परेशानी की वजह से ग्राहकों द्वारा अग्रिम टिकट बुक करने को लेकर चिंता करने का संभावित कारण हैं। रविवार को 1,180 उड़ानों में कुल 1,22,058 यात्रियों ने उड़ान भरी, जो जून में अब तक सबसे अधिक है।

वित्तीय उत्पादों का मूल्य निर्धारण पारदर्शी हो

भाषा
नई दिल्ली 21 जून

भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी रवि शंकर ने सोमवार को उद्योग जगत से वित्तीय उत्पादों और सेवाओं के मूल्य निर्धारण को पारदर्शी बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे गलत ढंग से होने वाली बिक्री की संभावना को कम किया जा सकेगा। नैशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान शंकर ने कहा कि मुफ्त सेवाओं के मामले में भी कुछ न कुछ मूल्य तो लगता ही है। इस तरह की अपारदर्शी व्यवस्था का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वित्तीय क्षेत्र में कई उत्पादों को एक साथ मिलाकर बेचना ऐसी व्यवस्था है। जहां पारदर्शिता की कमी लगती है। उन्होंने कहा, उत्पादों को एक बंडल बनाकर बेचने से ग्राहकों के बजाय विक्रेता को ही लाभ पहुंचता है। जब भी विभिन्न उत्पादों को एकजुट कर एक साथ बेचने की बात सामने आती है तो मुझे लगता है कि नियामकों को गलत बिक्री और दुरुपयोग की संभावनाओं के प्रति अधिक सतर्क रहने की जरूरत है।

बिज़नेस स्टैंडर्ड
चंडीगढ़ संस्करण

बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा इम्प्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं-22 व 49 ग्राउंड फ्लोर, फेज़-II, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकुला-134115, हरियाणा से मुद्रित एवं एससीओ 861, एनएसी, मनी माजरा, चंडीगढ़-160101 से प्रकाशित
संपादक: कैलाश नौटियाल

आरएनआई नं0 WBHIN/2008/24333

पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।
टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स- 033-22101599

सब्सक्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए कृपया संपर्क करें -
सुश्री मानसी सिंह
हेड, कस्टमर रिलेशन्स
बिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013
ई मेल- subs_bs@bsmail.in
या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS